राजस्थान सरकार
विधि एवं विधिक कार्य विभाग

क्रमांकः प.22(5)न्याय/2023 जयपुर, दिनांकः

:: आज्ञा ::

राजस्थान विधिक (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम, 1981 के नियमों के अन्तर्गत उप विधि परामर्शी के वर्ष 2023–24 के रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 15.09.2023 को आयोजित की गई थी, इसमें श्री महेश कुमार नारनोलिया, अजा, सहायक विधि परामर्शी के पर्याप्त वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं होने के कारण इनकी पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाकर इनके लिए एक पद सुरक्षित रखते हुए इनकी पदोन्नति का प्रकरण स्थगित (डैफर) किया गया था।

विभागीय पदोन्नति समिति की वर्ष 2023–24 के उक्त रिक्त पद के विरूद्ध पुनरावलोकन विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 03.02.2025 को आयोजित की गई जिसमें समिति की अभिशंसा के अनुसार श्री महेश कुमार नारनोलिया, अजा, सहायक विधि परामर्शी का चयन वरिष्ठता–सह–योग्यता के आधार पर करने के फलस्वरूप इन्हें उप विधि परामर्शी के पद पर दिनांक 01.04.2023 को उपलब्ध रिक्ति के विरूद्ध एतदद्वारा पदोन्नत किया जाता है तथा इनकी वरिष्ठता श्री अशोक कुमार टेलर के नीचे रहेगी।

श्री महेश कुमार नारनोलिया का उप विधि परामर्शी के पद पर वेतनमान PB No.-3 (15600-39100) GP No.-19 (7200) L-18 में दिनांक 01.04.2023 की रिक्ति के विरूद्ध वेतन निर्धारण किया जाएगा।

उक्त पदोन्नत अधिकारी के पदस्थापन आदेश अलग से जारी किये जाएंगे।

राज्यपाल महोदय की आज्ञा से

(ब्रजेन्द्र जैन)
प्रमुख शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, माननीय विधि मंत्री महोदय।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, विधि।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, कार्मिक।
4. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
5. संबंधित अधिकारी/विभाग।
6. एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उप निदेशक), विधि विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. निजी पत्रावली/रक्षित पत्रावली।

(ब्रजेन्द्र जैन)
प्रमुख शासन सचिव

Signature valid
Digitally signed by Brajendra Kumar Jain
Designation : Principal Secretary To Government
Date: 2025.02.04 19:38:33 IST
Reason: Approved